**"जल जीवन मिशन" हर घर जल कार्यक्रम के अन्तर्गत विरचित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन पर विचार विमर्श हेतु दिनांक 21.09.2021 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की बैठक का कार्यवृत्त :-**

जल जीवन मिशन 'हर घर जल' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों की पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु विरचित विस्तृत प्राक्कलन की स्वीकृति/संस्तुति पर निर्णय लेने हेतु पत्रांक 760/डब्लू-30/279 दिनांक 20.09.2021 द्वारा दिनांक 20.09.2021 को अपराहन 12:30 बजे जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की अध्यक्षता मे आहूत बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है:-

1. श्री अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
2. श्री एस रहमान, अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
3. श्री विजय प्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।
4. श्री शाश्वत आनन्द सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी, लखनऊ।
5. श्री विनोद कुमार, सहायक अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
6. श्री शलभ श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, लखनऊ।
7. श्री स्पर्श अग्रवाल, सहायक अभियन्ता, लखनऊ खण्ड-2 शारदा नहर, सिचाई विभाग, लखनऊ।
8. श्री दिवाकर प्रताप सिंह, प्रतिनिधि जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।
9. श्री रविन्द्र नाथ गुप्ता, एस0डी0ओ0, मोहनलालगंज, वन विभाग, लखनऊ।
10. श्री संतोष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष, नवदुर्गा सेवा संस्थान, लखनऊ।
11. श्री मनोज कुमार बाजपेयी, स्टेट हेड, इंस्टीटयूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज एण्ड एक्शन सत्या, जयपुर।
12. श्री राजेश उपाध्याय, नेशनल इंस्टीटयूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज एण्ड एक्शन सत्या, जयपुर।
13. श्री हरि ओम पाल, एस0पी0 ग्राम्य विकास एवं ग्रामोद्योग, लखनऊ।
14. श्री आनन्द प्रकाश सिंह, हिन्दू मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, लखनऊ।
15. श्री राहुल द्विवेदी, पी0एस0 सेवा समिति, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को उनकी मूलभूत आवश्यकताओ के अनुरूप समुचित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उददेश्य से **'जल जीवन मिशन' हर घर जल** कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्रामीण हेतु नियमित रूप से गुणवत्ता युक्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। तदक्रम में नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 95/छिहत्तर-1-2020-20 स्वजल/ 2010 टीसी-अ, दिनांक 21.01.2020 द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन का गठन करते हुये पेयजल योजना के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

उक्त के क्रम में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु पेयजल योजना के निर्माण हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के पत्रांक 2143/डब्लू-22/एन0आई0टी0/2020-21 दिनांक 13.01.2021 द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद को कार्यदायी फर्म के रूप में सूचीबद्ध किये जाने के क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 575/ल0स0/जल जीवन मिशन/ग्रा0वार सूची/2020-21 दिनांक 30.01.2021 द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराते हुए पेयजल योजना के निर्माण

हेतु विस्तृत प्राक्कलन (डी0पी0आर0) प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। तद्क्रम में कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 हैदराबाद द्वारा सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुए जनपद लखनऊ में चयनित 468 ग्राम पंचायतों/672 राजस्व ग्राम के सापेक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में संस्तुति के उपरान्त पत्रांक 395/डब्लू–30/82 दिनांक 05.06.2021 एवं 486/डब्लू–30/120 दिनांक 03.07.2021 द्वारा क्रमशः 27 व 52 अर्थात कुल 79 विस्तृत प्राक्कलन (डी0पी0आर0) को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष 78 विस्तृत प्राक्कलन (डी0पी0आर0) की स्वीकृति प्राप्त हो गयी। स्वीकृत विस्तृत प्राक्कलन के सापेक्ष दिनांक 12.08.2021 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जा चुकी है। कार्यदायी फर्म मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा मात्र 1 योजना पर ही कार्य प्रारम्भ कराया गया है। कार्यदायी फर्म मे0 एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद द्वारा निम्न विवरण के अनुसार प्रेषित एवं परीक्षणोपरान्त ठीक पाये गये 59 नग विस्तृत प्राक्कलन, जिससे 59 ग्राम पंचायत/83 राजस्व ग्राम/215 मजरे पाइप पेयजल योजना से आच्छादित होगें, विचार विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया:–

| क्र0सं0 | विकासखण्ड | ग्राम पंचायत का नाम | सम्मिलित राजस्व ग्रामों की संख्या | सम्मिलित मजरों की संख्या | अनुमानित लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बी0के0टी0 | करौंदी | 1 | 2 | 211.89 |
| 2 | बी0के0टी0 | उसरना | 1 | 4 | 272.15 |
| 3 | बी0के0टी0 | जलालपुर | 1 | 5 | 304.17 |
| 4 | बी0के0टी0 | खेसरावां | 2 | 4 | 279.84 |
| 5 | बी0के0टी0 | देवरी रूखारा | 1 | 7 | 390.91 |
| 6 | बी0के0टी0 | मदारीपुर | 1 | 3 | 288.75 |
| 7 | बी0के0टी0 | बरगदीकला | 1 | 3 | 246.39 |
| 8 | बी0के0टी0 | सोनवा | 2 | 2 | 291.92 |
| 9 | बी0के0टी0 | मिश्रीपुर | 1 | 2 | 239.43 |
| 10 | बी0के0टी0 | नगवामऊ कला | 1 | 2 | 270.65 |
| 11 | बी0के0टी0 | बेहटा | 1 | 1 | 382.07 |
| 12 | बी0के0टी0 | अरती | 1 | 1 | 259.45 |
| 13 | बी0के0टी0 | कुम्हरावॉ | 1 | 8 | 333.43 |
| 14 | बी0के0टी0 | पहाड़पुर | 2 | 6 | 333.47 |
| 15 | बी0के0टी0 | महिगवां | 1 | 8 | 312.11 |
| 16 | चिनहट | पपनामऊ | 1 | 2 | 342.36 |
| 17 | चिनहट | बौरूमऊ | 1 | 5 | 324 83 |
| 18 | चिनहट | सरौरा | 2 | 6 | 380.10 |
| 19 | गोसाईगंज | दुलारमऊ | 2 | 4 | 284.59 |
| 20 | गोसाईगंज | सेमनापुर | 2 | 2 | 283.46 |
| 21 | गोसाईगंज | बाजूपुर | 2 | 4 | 274.56 |
| 22 | गोसाईगंज | जहॉगीरपुर | 1 | 5 | 275.53 |
| 23 | गोसाईगंज | निजामपुर | 1 | 5 | 347.39 |
| 24 | गोसाईगंज | गौरियाकला | 1 | 9 | 420.18 |
| 25 | गोसाईगंज | धौरहरा | 1 | 11 | 369.88 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | गोसाईगंज | बेली | 1 | 2 | 227.47 |
| 27 | गोसाईगंज | गोमीखेड़ा | 1 | 3 | 225.28 |
| 28 | गोसाईगंज | महुराखुर्द | 1 | 1 | 226.48 |
| 29 | गोसाईगंज | हसनापुर | 2 | 2 | 270.47 |
| 30 | गोसाईगंज | बसरहिया | 2 | 2 | 241.95 |
| 31 | गोसाईगंज | हुसैनाबाद दल्हापुर | 1 | 2 | 289.25 |
| 32 | गोसाईगंज | आदमपुर मितौली | 1 | 2 | 247.83 |
| 33 | गोसाईगंज | ममईमऊ | 2 | 3 | 265.94 |
| 34 | गोसाईगंज | बघौली | 2 | 3 | 274.46 |
| 35 | गोसाईगंज | सेमरापीतपुर | 1 | 2 | 221.78 |
| 36 | गोसाईगंज | देई टीकर | 1 | 1 | 223.33 |
| 37 | गोसाईगंज | मलौली | 1 | 3 | 339.48 |
| 38 | काकोरी | कुशमौरा हलुआपुर | 1 | 3 | 331.09 |
| 39 | काकोरी | करझन | 3 | 4 | 271.30 |
| 40 | काकोरी | दोना | 2 | 4 | 557.44 |
| 41 | काकोरी | शाहपुर | 1 | 2 | 255.23 |
| 42 | काकोरी | इब्राहिमगंज | 2 | 2 | 264.04 |
| 43 | माल | खड़सरा | 1 | 7 | 344.49 |
| 44 | माल | बड़खोरवा | 1 | 5 | 241.99 |
| 45 | माल | करेन्द्र | 1 | 4 | 278.21 |
| 46 | माल | कमालपुर लोधौरा | 2 | 4 | 277.38 |
| 47 | माल | हसनापुर | 1 | 7 | 369.25 |
| 48 | मलिहाबाद | गढ़ीसंजर खॉ | 1 | 2 | 276.18 |
| 49 | मलिहाबाद | माधौपुर | 1 | 5 | 290.16 |
| 50 | मलिहाबाद | बंदौरा | 2 | 2 | 236.79 |
| 51 | मलिहाबाद | सरॉवा | 3 | 4 | 262.58 |
| 52 | मलिहाबाद | नईबस्ती धनेवा | 1 | 1 | 198.74 |
| 53 | मलिहाबाद | फतेहनगर | 2 | 3 | 244.20 |
| 54 | मलिहाबाद | कहला | 1 | 2 | 311.37 |
| 55 | मलिहाबाद | भदेसरमऊ | 1 | 1 | 215.50 |
| 56 | मलिहाबाद | दिलावरनगर | 1 | 5 | 336.22 |
| 57 | मलिहाबाद | शेरपुर भौसा | 1 | 4 | 288.94 |
| 58 | मलिहाबाद | बेलगढ़ा | 2 | 3 | 263.75 |
| 59 | मलिहाबाद | महदोइया | 2 | 4 | 269.46 |
| | | योग | **83** | **215** | **17157.54** |

शासनादेश संख्या 16/2021/948/छिहत्तर–1–201–22 सम/2019 दिनांक 19.03.2021 एवं 36/2021/1599/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019 दिनांक 08.07.2021 में निर्गत निर्देशानुसार 05 करोड़ की लागत तक के विस्तृत प्राक्कलन की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा की जायेगी एवं 05 करोड़ से अधिक लागत के विस्तृत प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जायेगी।

सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त विवरण के अनुसार 59 विस्तृत प्राक्कलन, जिसमें 59 नग ग्राम पंचायत/83 राजस्व ग्राम/215 मजरे पाइप पेयजल से आच्छादित होंग, को स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म मे0 एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद को स्वीकृत समस्त योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये। इस हेतु नलकूप निर्माण हेतु रिग मशीनो की संख्या बढाने के निर्देश दिये गये एवं समस्त योजनाओं के बार चार्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए, समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद एवं सहायोगी संस्थाओं (आई0एस0ए0) को अपने-अपने दायित्वों के प्रति सजग करते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये, जिससे भविष्य में योजना निर्माण, जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन, गुणता नियंत्रण एवं संचालन अनुरक्षण प्रबन्धन इत्यादि में कठिनाई उत्पन्न न हो।

**सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई।**

(एस रहमान)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0- 774 / ω-30 / 292 दिनांक 24 / 09 / 2021

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।
5. जिला विकास अधिकारी, लखनऊ।
6. अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
7. अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड, (वि0/यॉ0) जल निगम लखनऊ।
8. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड लखनऊ
9. अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग लखनऊ।
10. प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ।
11. जिला पंचायती राज अधिकारी, लखनऊ।
12. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।
13. जिला कृषि अधिकारी लखनऊ।
14. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी लखनऊ।
15. सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, लखनऊ।
16. मेसर्स एन0सी0सी0लि0 हैदराबाद।

24/09/21

(एस रहमान)
अधिशासी अभियन्ता